FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

## प्रेस नोट भू-माफिया पंजीकरण थाना उत्तर दिनांक 03-09-2026 जनपद फिरोजाबाद।

◆ ◆ **वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में संगठित गिरोह बनाकर गम्भीर अपराधों को कारित करने वाले अभ्यस्त अपराधियों के विरूद्ध जनपद में चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपने साथियों संग मिलकर संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति हेतु धन अर्जित करने के उद्देश्य से सरकारी/ निजी भूमि के कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर, धोखाधड़ी, षड़यंत्र करके जमीनों के फर्जी बैनामा कराए जाने जैसे अपराध कारित कर समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहने वाले गैंगलीडर अभियुक्त पप्पू लाल झा को भू-माफिया के रूप में घोषित किया गया है जिसे थाना उत्तर पर पंजीकरण करते हुए अभियुक्त की निगरानी प्रारम्भ की गयी है।** ◆ ◆

**जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाए रखने एवं अपराध / अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में आदतन अपराधियों पर की जा रही है कड़ी कार्यवाही।**

☞ **गैंगलीडर अभियुक्त पप्पू लाल झा अपने बेटे हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सुन्दर झा संग मिलकर सरकारी / निजी जमीनों के फर्जी दस्तावेज तैयार कर अवैध रूप से कब्जा कर क्रय करता है।**

☞ **गैंगलीडर अभियुक्त पप्पू लाल झा एवं उसका पुत्र सुन्दर झा दोनों हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त हैं........**

☞ **भू-माफिया पप्पूलाल झा की थाना पुलिस टीम व सर्विलांस टीम आदि द्वारा रखी जाएगी सघन निगरानी........**

☞ **फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को अक्षुण बनाए रखने के प्रति है कटिबद्ध....**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में शान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण बनाए रखने तथा अपराध एवं अपराधियों पर लगाम लगाने हेतु शातिर / आदतन अपराधियों के विरुद्ध फिरोजाबाद पुलिस द्वारा लगातार कड़ी कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 03-09-2026 को जनपद के थाना उत्तर पर अपने साथियों संग मिलकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति हेतु धन अर्जित करने के उद्देश्य से जालसाजी कर अपने साथियों संग मिलकर संगठित गिरोह बनाकर आर्थिक एवं भौतिक लाभ की पूर्ति हेतु धन अर्जित करने के उद्देश्य से सरकारी / निजी भूमि के कूटरचित दस्तावेज तैयार कराकर, धोखाधड़ी, षड़यंत्र करके जमीनों के फर्जी बैनामा कराए जाने जैसे अपराध कारित कर समाज विरोधी क्रियाकलापों में संलिप्त रहने वाले गैंगलीडर अभियुक्त पप्पू लाल झा को भू-माफिया के रूप में घोषित किया गया है।

**नाम-पता भू-माफियाः--**

1-गैंगलीडर अभियुक्त पप्पू लाल झा पुत्र स्व0 शंकर लाल झा निवासी सन्तोष नगर रैपूरा रोड़ थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद

**गैंग का सदस्यः-**

1-हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त सुन्दर झा पुत्र पप्पू लाल झा निवासी सन्तोष नगर रैपुरा रोड़ थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

**गैंगलीडर अभियुक्त पप्पू लाल झा का आपराधिक इतिहासः-**

1-मु0अ0सं0 872/2022 धारा 447,419,420,467,468,471 थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

2-मु0अ0सं0 660/2023 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट थाना सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद।

3-मु0अ0सं0 44/2026 धारा 318(4),351(2),352,115(2) बीएनएस थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद।

**।। फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्ध है ।।**